कन्हैया मित्तल भजन सरिता बहाएंगे

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)। पुष्कर धार्मिक मेले के समापन के साथ ही 24 नवंबर रविवार को मेला मैदान में होने वाले सनातन धर्म महाकुंभ में विद्वान संत महात्मा धर्म उपदेश व प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल भजन सरिता बहाएंगे।

इस अवसर पर ब्रह्मनगरी को भगवे रंग से सजाया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई है। आयोजन समिति द्वारा प्रथम पूज्य गणेशजी व खाटू श्याम बाबा को हल्दी रंगे अक्षत से निमंत्रण के बाद पुष्कर के आसपास के करीब 84 गांवों में पीले चावल बांट कर आयोजन में आने का न्यौता दिया जा रहा हैं। यह कार्य जोर शोर से चल रहा है। कई लोगों को जिम्मेदारी भी सौपी है।

आयोजन को लेकर कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा हैं। 24 नवंबर को शाम सात बजे से मेला मैदान में होने वाले आयोजन में उमड? वाले आस्था के भारी जन सैलाब की संभावना के चलते विशाल मंच के साथ साथ हजारों लोगों की बैठने की व्यवस्था की जाएगी। हालांकि आयोजक श्याम बाबा व पुष्कर राज को घोषित किया गया है, लेकिन पूरा कस्बा खासतौर पर युवा व महिलाएं इस आयोजन की तैयारियां में जुटी हुई हैं। कई धर्म भक्तों की टोलिया गांवों में पीले चावल बांट रही है।

मार्टिडल ब्रिज श्रीनगर रोड का होगा कायाकल्प : भदेल

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार को 58 लाख रुपए की लागत से बनने वाली मार्टिडल ब्रिज श्रीनगर रोड से राजासाईकिल चौराहा तक बनने वाली पेवर सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक भदेल ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण पुरी सडक जगह-

■ **अतिवृष्टि के कारण पूरी सडक उखड गई जिसके कारण राहगीरो को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था**

सड़क निर्माण कार्य का विधायक भदेल ने शुभारंभ किया।

जगह से उखड गई जिसके कारण राहगीरो को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, साथ ही यह मार्ग मदार, श्रीनगर, पालबिचला, गुलाबबाडी से मुख्य बाजारों व रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक मात्र मुख्य मार्ग था जिसके करण इस मार्ग से राहगीरों का निकलना दुभर हो गया था। उन्होने कहा कि दीपावली के त्योंहार को देखते हुए पेचवर्क का कार्य कराया गया था, अब 58 लाख रुपए की लागत से पेवर की सडक् का निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग अजमेर द्वारा करवाया जा रहा है। जिससे यहा के सभी व्यापारिक वर्ग अपितु निकलने वाले राहगीरों के लिए यह एक सुगम मार्ग साबित होगा। इस अवसर पर श्रीनगर रोड व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों द्वारा विधायक भदेल का माला पहनाकर व शोल ओढाकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। मंच का संचालन झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सांखला द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व सभापति सुरेन्द्र सिंह शेखावत, शहर जिला प्रवक्ता महावीर सिंह, पूर्व शहर जिला मंत्री मोहन राजोरिया, झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सांखला, मण्डल महामंत्री सुन्दर सिंह टांक, संतोष मोर्य, संदीप माखीजानी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलराज कच्छावा, पार्षद रजनीश चौहान, रणजीत सिंह नरुका, अंजना शेखावत, सीलम बैरवा, नितेश आत्रे, मण्डल उपाध्यक्ष गौरव उपाध्याय, कृष्णा सोनी, गंगा सिंह, विनोद बागोरिया, गजेन्द्र, तारा राजपुरोहित, भोपालकांत बैरवा, रणजीत सिंह दुआ, राजकुमार भाटी, लवनिश बनिया, कृष्णा सुचेता, पवन बैरवा, सहित श्रीनगर रोड व्यापारिक, सीताराम टांक आदि उपस्थित रहे।

बाइक सवार बदमाशों ने युवक से छीना मोबाइल

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)। शहर में सक्रिय झपट्टामार गिरोह आए दिन वारदातें अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे है। बदमाशों ने एक बार फिर क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में युवक से मोबाइल लूट की वारदात अंजाम दी है। बाइक सवार बदमाशों ने युवक से पता पूछने के बहाने मोबाइल छीना और फरार हो गए। पीडित् ने थाने में अज्ञात बामदशों के खिलफ शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार आनासागर लिंक रोड निवासी मनोज चोपड़ा ने थाने पर लिखित शिकायत देते हुए दो बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पीडित् ने शिकायत में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा होकर मोबाइल पर नेट चला रहा था। तभी पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाश उसके पास आए और पता पूछने के बहाने बाइक पर पीछे बैठक युवक ने उसके हाथ से मोबाइल छीना और फरार हो गए।

उसने चिल्ला कर दोनों बदमाशों का क्षेत्रवासियों ने पीछा भी किया, लेकिन दोनों बदमाश तेज रफ्तार में बाइक पर फरार हो गए। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

सार-समाचार

कुएं में डूबने से किशोर की मौत

मसूदा (निसं.)। निकटवर्ती ग्राम जामोला में खेती का कार्य करते हुए किशोर के कुए में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस में शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनो को सौप दिया। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार अवकाश होने से टीकम चंद उम्र 16 अपने पिता के साथ खेत पर गया वहां पानी की मोटर चला कर वापस आ रहा था की पैर फिसलने से वह कुए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर जामोला सरपंच नरेंद्र विक्रम सिंह सतावडीया उप सरपंच गणेश लाल गुर्जर पूर्व जिला परिषद सदस्य भोजराज बैरवा, विशाल सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बालक को कुए से बाहर निकाला और मसूदा चिकित्सालय लेकर आए जहा चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामदेव पुत्र नानू ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रविवार की छूटी होने के कारण करीबन 8.30 के खेत का पुलाव (रेलनी) के लिए गये तो धर्मेंद्र पुत्र हीरालाल गुर्जर संथालिया के कुए पर टीकम चंद को मोटर चलाने के लिए भेजा तो मोटर चलाकर वापस घुमा तो कुए में गिर गया जिसकी आवाज आने पर पडोसी भागकर आने तो देखा कि पानी से डूब गया हमारे में से कोई तेरना नहीं जानता था तो फोन पर सरपंच जामोला को सूचना दी और सरपंच जामोला ने मसूदा पुलिस थाना को सूचन की। ममूदा पुलिस मय जाप्ते से आकर मेरे पुत्र को कुएं से ग्रामीणों की मदद से कुएं से बाहर निकाला तब देखा कि मृत्यु हो चुकी थी। मृतक के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

शाहपुरा के 9 तैराकों का चयन

शाहपुरा । 68 वी राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता जो 24 नवम्बर से 30 नम्बर तक राजकोट (गुजरात) में आयोजित होगी जिसमें 19,17 ,14 आयु वर्ग में 9 तैराकों का चयन हुआ हैं! 19 आयु वर्ष में स्वस्ति कँवर राणावत , अंशिका दाधीच 17 वर्ष पूर्वाक्ष शर्मा, लोकेन्द्रसिंह खंगारोत और निधि दहिया 14 वर्ष में उज्ज्वल आचार्य , रिद्म गौड़ मिष्ठी शर्मा , भूमि बघेरवाल का चयन हुआ हैं।इस चयन पर भीलवाड़ा तैराकी संघ के सचिव नरेश बूलिया ,कोच योगेश बघेरवाल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारका प्रसाद पारीक उप जिला शिक्षा अधिकारी खेल राधेश्याम टेलर खेल अधिकारी गोपाल कृष्ण सुल्तानिया मॉडल स्कूल के प्राचार्य ईश्वर मीणा , के प्राचार्य खुशनुर बानो , आदर्श विद्या मंदिर के प्राचार्य दुर्गा लाल जांगिड़ , नरेश पाल धाबाई अशोक शर्मा महेंद्र वैष्णव नितिन कोठारी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर आज

मसूदा (निसं.)। 18 नवम्बर को सामाजिक एवं न्याय अधिवक्ता विभाग द्वारा मसूदा स्थित अंबेडकर छात्रावास परिसर में दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विशाल सिंह सोलंकी ने कहा कि राजस्थान सरकार की वित्तीय वर्ष 2014 बजट घोषणा की पालना में विशेष योगदानों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांग जनों को राजस्थान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर बीस हजार रुपए तक के ह्ल्ह्वद्दघद्बष्द्बड्डद्य रुद्बद्बड्डह्य/श्वह्ल द्बश्चद्बद्गठ्ठह्लह्य उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु दिनांक 18 नवंबर को ब्यावर जिले के समस्त सभी ब्लॉकों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है मसूदा ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन कर दिव्यांग जनों को अंग उपकरण उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्राप्त किया जाने तथा निदेशालय विशेष योगदान द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में भी आवेदन करवा कर लाभ दिलाए जाने हेतु नियम अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है अत: सभी दिव्यांगजन जिनको भी अंग उपकरण की आवश्यकता है अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, दिव्यांगता दर्शाती हुई दो फोटो एवं पेंशन पीपीओ की फोटोकॉपी लेकर अपने संबंधित ब्लॉक के निम्न स्थान पर प्रात: 10:00 बजे मसूदा स्थित राजकीय अंबेडकर छात्रावास पहुंचे।

गुरूगंथ साहिब में अरदास व पाठ

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)। बाबा हरदयाल दरबार ठठेरा चैक में निर्मल धाम झूला मोहल्ला दरबार के विख्यात महान संत स्वामी माधवदास के जयंती दिवस के अवसर पर हरदयाल दरबार के सन्त अशोक गाफिल ने अपने प्रवचनो में बताया कि उदासी सम्प्रदाय द्वारा गुरु नानक देव साहिब को अपना पूर्वज मानकर उनकी आराधना कर पूजन किया जाता है। अशोक गाफिल ने बताया कि गुरु नानक साहिब के गुरूग्रंथ साहिब में बताई गई शिक्षाओ का अनुसरण कर जीवन में पालन करने से सफलता मिलती है। संत महात्मा हमेशा ही जीवों के कल्याण के लिए अवतार लेकर उनको मोक्ष मार्ग बताते है। सन्त अशोक गाफिल ने निर्मल घाम दरबार के सन्त स्वामी माधवदास के जीवन के सम्बंध में बताया कि उनका जीवन सादगी पूर्ण रहते हुए जीवो के कल्याण में और परमात्मा की भक्ति में व्यतीत हुआ। पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि स्वामी माधव दास ने अपनी भजनो के संग्रह की भजन मालाओ के माध्यम से भी लोगों को परमात्मा की भक्ति के मार्ग पर चलने की राह प्रदान की। राजेश झूरानी और किशोर विधानी ने बताया कि स्वामी माधवदास ने मूल सिन्धी भाषा एवं देवनागिरी में अनेक भजन लिखे और भजन मालाएं तैयार कर संगत में वितरित करवाई। सन्त स्वामी अशोक गाफिल के सान्निध्य में ठठेरा चैक सिथत बाबा हरदयाल दरबार में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ, अरदास पाठ, नित-नेम, आसा-की-वार और सुखमणी साहिब के पाठ के कार्यक्रम का आयोजन करके महन्त स्वामी माधवदास को नमन किया गया।

जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)। हरि ओम कॉलोनी विकास समिति व अजयमेरू सेवा समिति, जन सेवा समिति और बौद्धमठ के तत्वावधान में रविवार को महाबोद्ध अशोक विहार विद्यालय परिसर में बिरसा मुंडा की जयंती दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन कर नमन किया और देश में उनके योगदान के संस्मरण पर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता अजयमेरू चैरासी कोस परिक्रमा आयोजन समिति के संयोजक तरूण वर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा के जीवन को देश की शिक्षा में जोड? की सरकार से मांग उठाई जाएगी। संयोजक रमेश लालवानी ने बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को रांची में हुआ था और निधन 9 जून 1900 को रांची जेल में अंग्रेजो द्वारा जेल में जहर देने के कारण हुआ था। आज भी अनेक राज्यो में बिरसा मुण्डा को भगवान की तरह से पूजा की जाता है। संगोष्ठी में रविकुमार, पुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य ने बिरसा मुण्डा की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है।

पर्यावरण संरक्षण और एकता का संदेश दिया

अजमेर (कासं)। श्री रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान के तत्वावधान में रविवार को आयोजित ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन के माध्यम से पर्यावरण एवं एकता का संदेश प्रदान किया गया।

हार्टफुलनेस संस्थान के जिला समन्वयक गिरीश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल के रूप में विश्व भर के 156 देश में एक साथ ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन किया गया। अजमेर में ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन का शुभारंभ पुरानी चौपाटी से किया गया। इसे विधानसभा के विशेषाधिकारी के. के. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हार्टफुलनेस संस्था द्वारा की गई एक वैश्विक पहल है। यह पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति के संदेश को फैलाने का उद्देश्य रखती है।

उन्होंने बताया कि अजमेर की पुरानी चौपाटी से हार्टफुलनेस द्वारा आयोजित ग्रीन रन का शुभारंभ किया गया। इस दौड़ को प्रशिक्षक कुसुम सेठ ने आमजन को समर्पित किया। मुख्य अतिथि के.के. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुरानी चौपाटी से आरंभ होकर अरबन हाट, वैशाली नगर, पेट्रोल पंप, सेवन वंडर्स और रीजनल कॉलेज होते हुए नई चौपाटी तक रन हुई। दौड़ के समापन पर नई चौपाटी में समारोह आयोजित हुआ। यहां सभी प्रशिक्षक, अभ्यासी तथा प्रतिभागी एकत्र हुए। विजेताओं को सम्मानित किया गया। विशेष अतिथियों को पौधा देकर आभार व्यक्त किया गया । प्रशिक्षक डॉ. विकास सक्सेना द्वारा उपस्थित समुदाय को रिलैक्सेशन का अनुभव करवाया गया। हम पर्यावरण बचाने में अपने कदम आगे बढ़ाएं।

कबड्डी प्रतियोगिता में प्रताप क्लब विजेता

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। अजमेर जिला कबड्डी संघ की और से नेशनल स्पोर्टस एकेडमी आखरी (गेंगल) में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग से राणा प्रताप क्लब व बालिका वर्ग में तिलोनिया की टीम को विजेता घोषित किया।

सचिव नरेंद्र कुमार सम्मरवाल ने बताया की बालक- बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बुहारु टीम ने सराणा को 40-5 से, ब्यावर प्रथम टीम ने जी एस घुघरा को 31-15 से, बाघसुरी टीम ने ब्यावर द्वितीय को 38-18 से, वीर तेजा क्लब ने कायद को 26-20 से, सुरसुरा टीम ने बुहारु को 34-15 से झलकारी क्लब ने ब्यावर प्रथम टीम को 34-26 पराजित किया।

साथ ही अजयसर टीम ने बाघसुरी टीम को 34-29 से, तिलोनिया ने वीर तेजा क्लब को 24-14 से पराजित किया।

सांस्कृतिक मूल्यों पर चर्चा की

शाहपुरा । महिला विचार गोष्ठी का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर गांधीपुरी शाहपुरा में किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता प्रथम सत्र में इंदिरा धूपिया ने पुण्यश्लोका अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके द्वारा किया गया त्याग, तपस्या, बलिदान एवं संयोजन से सभी मातृशक्ति से अवगत कराया। जिला संगठन मंत्री कविता यादव ने सांगठनिक गतिविधियों के साथ साथ संगठन पर अपने विचार रखे विशिष्ट अतिथि रामेश्वरी बगडिया महिला जिला उपाध्यक्ष ने शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं को प्रदेश स्तर पर पहुंचाकर समाधान का आस्वासन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही चंदा सुवालका ने अपनी बात रखते हुए सभी

■ **इंदिरा धूपिया ने पुण्यश्लोका अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला**

का स्वागत, अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया। कुटुंब प्रबोधन विषय पर अपने विचार रखे।मध्यान्तर पश्चात द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता नीतू मालू बोद्धिक प्रमुख राष्ट्र सेविका समिति ने सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों का संवर्धन एवं महिला सशक्तिकरण पर अपना उद्बोधन दिया। शोताली मालू ने महिला विमर्श पर विषय रखा एवं इस पर चर्चा की गई। प्रिया सोनी विशिष्ट अतिथि जिला महिला सचिव ने सामाजिक समरसता लिया तथा अपने विषप पर विस्तृत चर्चा करते हुए समाज समरसता कायम हो ऐसे प्रयास हम सभी करें इस पर जोर दिया। माया बैरवा मुख्य अतिथि उप निरीक्षक पुलिस थाना शाहपुरा ने सेल्फ डिफेंस एवं साइबर क्राइम पर अपने विचार रुखे ।

महिला विचार गोष्ठी में प्रदेश से नियुक्त पर्यवेक्षक सुरेंद्र नामा उपशाखा महिला मंत्री शाहपुरा शांति धाभाई मंत्री कोटडी से सावित्री नामा फुलिया कला से महिला मंत्री प्रीति वैष्णव बनेड़ा उपशाखा महिला मंत्री कविता पारीक आदि अनेक महिला पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिला शाखा शाहपुरा के कार्यकर्ता पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना पूरा प्रयास किया।

चिकित्सा शिविर का कलेक्टर ने किया अवलोकन

गुलाबपुरा (निसं.)। स्थानीय श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति के तत्वाधान में आयोजित विशाल मिर्गी रोग जांच शिविर, संगोष्ठी एवं मिर्गी जागरूकता रैली का आयोजन संस्था परिसर में किया गया, जिसमें भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता, सी पी गोस्वामी सीएमएचओ, पालिका चेयरमैन सुमित काल्या सहित समाज के गणमान्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। समारोह में श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन नानक साहब समिति के संरक्षक रणजीत सिंह कुंभट, राजेंद्र कुमार लोढ़ा ब्यावर, मुख्य अतिथि गुमान सिंह मनीष कर्णावट विजयनगर, समारोह की अध्यक्षता शांतिलाल नाबरिया ब्यावर व विशिष्ट

■ **डॉक्टरों द्वारा शिविर में मिर्गी रोग की जांच का जायेगी**

अतिथि नरेश सचेती आमेट, संजय कुमार तिवारी मुख्य संचालन अधिकारी आरएसडबूयूएम खारीग्राम थे। समारोह के मुख्य वक्ता डॉ अपूर्व पौराणिक, डॉक्टर नीरजा पौराणिक, समारोह के विशिष्ट अतिथि मूलचंद नाबेड़ा विजयनगर, दिलीप मेहता विजयनगर, महेंद्र कुमार पोखरणा ब्यावर, प्रकाश डांगी भीलवाड़ा, अर्जुन हिंगड़ भिनाय/सूरत सहित जयपुर के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर विक्रम बोहरा की उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर नमित मेहता भीलवाड़ा ने समिति के कार्यों की जानकारी ली, किए जाने वाले कार्य पर संतोष व्यक्त किया एवं स्वयं की ओर से एक कैंप लगाने की घोषणा की। रणजीतसिंह कुंभट ने समिति के कार्यकलापों एवं इसकी भावी योजनाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मरीजों की सेवा निस्वार्थ भाव से करने की प्रेरणा प्रदान की। सीएमएचओ भीलवाड़ा सी पी गोस्वामी ने अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर सहायता करने का आश्वासन दिया।मुख्य वक्ता डॉक्टर अपूर्व पोराणिक ने मिर्गी रोग की जानकारी दी।

गर्म वस्त्र की सेवा

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)।श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी संग श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी की 40 वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर की संत श्री सुधासागर जी महा मुनिराज आवासीय विद्यालय की 80 बालिकाओं को समिति संरक्षक राकेश पालीवाल कमलेश पालीवाल अतुल मधु पाटनी के सौजन्य से ऊनी वस्त्र भेंट किए गए साथ ही प्रतिभाशाली छात्राओं को नगद राशि देकर सम्मान करते हुए उत्साह वर्धन किया गया। इससे पूर्व संस्थान में पहुंचने पर राजस्थान अंचल की अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशीला छाबड़ा व्यवस्थापक ज्ञानु जी आदि द्वारा केसरिया तिलक लगाकर माल्यार्पण किया।

अजमेर में पूर्णकालीन पासपोर्ट कार्यालय की मांग

अजमेर, 17 नवम्बर (कासं)। अजमेर समार्ट सिटी जोकि विश्व में ख्वाजा गरीब नवाज की नगरी और जगत पिता ब्रह्माजी की नगरी से विश्व विख्यात है। पर्यटन के दुष्टिकोण से बढ़ावा देने के लिए अजमेर में पूर्णकालीन पासपोर्ट कार्यालय शीघ्र खोलने की मांग श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस सुब्रमणियम जयशंकर, अजमेर सांसद व कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी से मांग की है।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि वर्तमान में अजमेर के प्रधान डाक धर में आम नागरिको, पर्यटको और व्यापारियो को भी पासपोर्ट कार्यालय में पूर्ण स्टाफ एवं पूर्ण सुविधाऐ नही होने से असुविधाओ का सामना करना पडता है। इससे समय पर कार्य भी सम्पन्न नही होता है। महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने मांग की कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजमेर में पूर्णकालीन पासपोर्ट कार्यालय की व्यवस्था होनी चाहिये। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानमल गोयल एवं होटल व्यवसाय से जुडी गुंजन गोयल ने फिल्म निर्माताओ को भी अजमेर-पुष्कर व राजस्थान में फिल्मो के निर्माण के लिए उचित सुविधाऐ प्रदान करते हुए फिल्मों के निर्माण के लिए प्रेरित करने की मांग की।

ग्रीन हार्टफुलनेस रन में दौड़े लोग

अजमेर (कासं)। श्री रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान के तत्वावधान में रविवार को आयोजित ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन के माध्यम से पर्यावरण एवं एकता का संदेश प्रदान किया गया।

हार्टफुलनेस संस्थान के जिला समन्वयक गिरीश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल के रूप में विश्व भर के 156 देश में एक साथ ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन का आयोजन किया गया। अजमेर में ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफुलनेस रन का शुभारंभ पुरानी चौपाटी से किया गया। इसे विधानसभा के विशेषाधिकारी के. के. शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह हार्टफुलनेस संस्था द्वारा की गई एक वैश्विक पहल है। यह पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक शांति के संदेश को फैलाने का उद्देश्य रखती है। इस वर्ष यह दौड़ 156 देशों तथा भारत के सभी शहरों में आयोजित की गई। इसमें लाखों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य पेड़ लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना है। अजमेर में आयोजित इस ग्रीन रन ने समाज के हर वर्ग के लोगों को एकत्रित कर पर्यावरणीय जागरूकता का संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि अजमेर की पुरानी चौपाटी से हार्टफुलनेस द्वारा आयोजित ग्रीन रन का शुभारंभ किया गया। इस दौड़ को प्रशिक्षक कुसुम सेठ

■ **छप्पन देशों मे एक साथ ग्रैन्यूल्स ग्रीन हार्टफूलनेस रन का आयोजन किया गया।**

ने आमजन को समर्पित किया। मुख्य अतिथि के.के. शर्मा ने इसे हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। पुरानी चौपाटी से आरंभ होकर अरबन हाट, वैशाली नगर, पेट्रोल पंप, सेवन वंडर्स और रीजनल कॉलेज होते हुए नई चौपाटी तक रन हुई। दौड़ के समापन पर नई चौपाटी में समारोह आयोजित हुआ। यहां सभी प्रशिक्षक, अभ्यासी तथा प्रतिभागी एकत्र हुए। विजेताओं को सम्मानित किया गया। विशेष अतिथियों को पौधा देकर आभार व्यक्त किया गया । प्रशिक्षक डॉ. विकास सक्सेना द्वारा उपस्थित समुदाय को रिलैक्सेशन का अनुभव करवाया गया। यह दौड़ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरणीय चेतना और सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाने का संदेश देती है। हम पर्यावरण बचाने में अपने कदम आगे बढ़ाएं।

उन्होंने बताया कि दौड़ के विजेताओं में संस्कृति स्कूल के कक्षा 12वीं के लोकेश ने पहला स्थान प्राप्त किया। न्यू पैटर्न स्कूल के कक्षा 10वीं के मास्टर नितिन ने दूसरा स्थान और कक्षा 10वीं के ही अमित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

भीलवाड़ा में पर्यावरण संरक्षण और एकता का दिया संदेश

भीलवाड़ा। देश की प्राकृतिक विरासत लाखों पेड़ों की कटाई को रोकने के लिए भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक चैप्टर भीलवाड़ा द्वारा वैभव नगर स्थित सीए दिलीप गोयल के आवास पर एक विचार गोष्ठी हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 5100 पोस्टकार्ड लिखकर प्रदेश में 17 स्थानों पर पावर प्लांट

■ **इंटेक ने लाखों पेड़ों को कटने से बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को लिखे 5100 पोस्टकार्ड, पावर प्लांट रिक्त भूमि में लगाएं सरकार, इंटेक प्रदेश से 51 हजार पोस्टकार्ड भेजेगा**

लगाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगभग 15 लाख पेड़ों को काटने की दी गई अनुमति को वापस लेने की मांग की है।

इंटेक कन्वीनर बाबूलाल जाजू ने बताया कि प्रदेश में जंगलों की स्थिति अत्यंत दयनीय होने के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के सिरोही, चित्तौड़, धौलपुर, करौली, बूंदी, टोंक, शाहबाद सहित 17 स्थानों पर वन भूमि में पंप स्टोरेज पावर प्लांट लगाने की अनुमति

पेड़ बचाने के लिए इंटेक प्रदेश ने पोस्टकार्ड अभियान चलाया।

प्रदान की है जिससे प्रदेश की हजारों हेक्टेयर वन भूमि से लगभग 15 लाख विशालकाय पेड़ कटेंगे।

इंटेक पदाधिकारी गुमानसिंह पीपाड़ा एवं सीए दिलीप गोयल ने बताया कि भीलवाड़ा के युवाओं, जागरूक लोगों एवं इंटेक सदस्यों द्वारा लिखे गए 5100 पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री मोदी को भेजे गए। इंटेक विचार गोष्ठी में पदाधिकारी संदीप पोरवाल, मुकेश अजमेरा, विद्यासागर सुराणा, सुरेश सुराना, राजकुमार बूलिया, हरक लाल बिश्नोई, राकेश बंब, बिलेश्वर डाड, गौरव जाजू, शशांक गोयल, अनुठाह लोहिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लाखों की संख्या में विशालकाय पेड़ों को काटना पर्यावरण की दृष्टि से घातक है इससे वन्य जीवों एवं पशु पक्षियों का बसेरा समाप्त होगा और पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत असर पड़ेगा।

सरकार द्वारा यदि निर्णय को वापस नहीं लिया जाता है तो न्यायालय की शरण लेंगे।

जाजू ने कहा कि लाखों पेड़ों की कटाई से शाहबाद सहित अन्य स्थानों की जैव विविधता नष्ट होगी। जाजू ने बताया कि भीलवाड़ा चेप्टर सहित प्रदेश के अन्य चैप्टर्स से भी कुल 51 हजार पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे जाएंगे। जाजू ने सरकार को रिक्त भूमि में पावर प्लांट लगाने का सुझाव दिया।

कार्यालय पंचायत समिति अरांई, (अजमेर)

क्रमांक-ग्रापड/निर्माण/2024-25/4443 दिनांक 11/11/2024

सीमित निविदा सूचना

पंचायत समिति अंराई की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बोराडा में सांसद मद योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य गांव में तेजाजी मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य ग्राम बोराडा के निर्माण कार्य के लिए पंचायत समिति में रजिस्ट्रड फर्मो से सीमित निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

NIB NO. - ZAJ2425A0795

UBH NO :- ZAJ2425WSLB00851

विकास अधिकारी
पंचायत समिति अरांई

ग्राम पंचायत अन्धेरी देवरी पंचायत समिति, मसूदा जिला ब्यावर (राज.)

क्रमांक: SP-01 दिनांक- 16/11/2024

आपत्ति आमंत्रण नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्राम पं. अंधेरी देवरी के राजस्व ग्राम अन्धेरी देवरी, सरकना, भरळ्ला मुण्डोली रामपुरा गैना के भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त नक्शे 2.0 एवं सर्वे प्रपत्र आमजन के लिए प्रदर्शित किए जाकर आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती है। साथ ही उक्त सर्वे प्रपत्र व नक्शे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रत्येक परिवार के विवरण एवं भूमि नक्शे आमजन हेतु अवलोकनार्थ उपलब्ध है। इस सर्वे प्रपत्र व नक्शे 2.0 से सम्बधित यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित आपत्ति मय दस्तावेज ग्रा. प. कार्यालय में 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे। मियाद अवधि बाद आबादी भूमि की सीमा अथवा नक्शे में ड्रोन सर्वे द्वारा प्रोपट्रीज की सीमा एव के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। सभी सूचित हो।

नोट- आबादी क्षेत्र में स्थित अपने मकान का पूर्व में जारी पट्टा/स्वामित्व का दस्तावेज पहचान मोबाइल नंबर आवश्यक रूप से साथ लावें।

(हेमराज यादव) ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. अन्ध